न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण सं. 19/2018 स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र कमलेश बनाम चौथमल वगैरा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
01.05.2018	पत्रावली राजस्व लोक अदालत अभियान "न्याय आपके द्वार–2018" के अन्तर्गत आज आयोजित लोक अदालत में पेश की गई। अधिवक्ता प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत प्रकरण को विड्रो करने पेश कर निवेदन किया गया की उनवानी प्रकरण में उभयपक्षो के मध्य विचारण कोर्ट में राजीनामा होकर प्रकरण खारिज हो चुका है। अब प्रकरण में किसी प्रकार की कार्यवाही अपेक्षित नही है। अतः राजस्व लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण करते हुए विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण उनवानी कमलेश बनाम चौथमल वगैरा को खारिज फरमावे। प्रार्थना पत्र एवं उसके संलग्न पारिवारिक समझोतानामा एवं अन्य दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता प्रार्थीगण के अनुरोध एवं प्रार्थीगण कमलेश, राजूलाल पि. चन्द्रा जाति माली निवासी ग्राम डीडवाना तहसील लालसोट जिला दौसा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के आधार पर प्रार्थना पत्र बाबत प्रकरण विड्रो करने स्वीकार किया जाता है तथा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी लालसोट में विचाराधीन प्रकरण उनवानी चौथमल बनाम कमलेश को अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित करने हेतु प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं प्रविष्ठ लेख भण्डार हो। निर्णय आज दिनांक 01.05.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति० जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official